ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 346

महाशिवरात्रि पर 12 ज्योतिर्लिंग समेत सभी शिव मंदिरों में भीड़:3-3 km तक लाइन लगी; महाकाल मंदिर 44 घंटे, काशी विश्वनाथ 69 घंटे खुला रहेगा



24 न्यूज अपडेट

देशभर में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर (महाकाल मंदिर) के पट मंगलवार रात 2.30 बजे खुले। सुबह 4 बजे मंगला आरती की गई। अगले 44 घंटे तक भक्त बिना अनुमति के भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे।

वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर मंगला आरती के बाद सुबह 3.30 बजे से श्रद्धालुओं के लिए लगातार 69 घंटे के लिए खोला गया है। चारों पहर की आरती के दौरान भी श्री काशी विश्वनाथ महादेव का झांकी दर्शन चलता रहेगा। सप्तऋषि और श्रृंगार आरती नहीं होगी। गुजरात में प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव मंदिर आज सुबह 4 बजे से लगातार 42 घंटे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला है। वहीं झारखंड के देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में 2 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। यहां सुबह से भी भक्तों की लंबी लाइन लगी हुई है।

तमिलनाडु के कोयंबटूर में सद्गुरु जग्गी वासुदेव के ईशा योग सेंटर पर महाशिवरात्रि को लेकर खास तैयारी की गई है। यहां शाम को भव्य कार्यक्रम होगा। इसमें विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी शामिल होंगे।

केंद्र बोला- दोषी नेताओं पर आजीवन बैन उचित नहीं:सुप्रीम कोर्ट में कहा- 6 साल काफी है, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता



24 न्यूज अपडेट

केंद्र सरकार आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने वाले राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने के खिलाफ है। केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इसका विरोध किया। कहा कि 6 साल के लिए डिसक्वालिफिकेशन पर्याप्त है।इस तरह की अयोग्यता लागू करना पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में दोषी नेताओं के खिलाफ आजीवन बैन लगाने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्र ने कहा, 'याचिका की मांग कानून को दोबारा लिखने या संसद को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के जैसी है। ये पूरी तरह से न्यायिक समीक्षा की शक्तियों के विपरीत है।'

वकील अश्विनी उपाध्याय ने 2016 में जनहित याचिका लगाई थी, जिसमें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई। उन्होंने पूछा था कि राजनीति पार्टियों को यह बताना चाहिए कि आखिर वे अच्छे छवि वाले लोगों को क्यों नहीं खोज पाते हैं। इसमें कहा गया कि देश में सांसदों-विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल केसों को जल्द खत्म किया जाए और दोषी राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाया जाए।

केंद्र ने कहा...

आजीवन अयोग्यता वह अधिकतम पैनल्टी है जो प्रावधानों के तहत लगाई जा सकती है। ऐसा अधिकार संसद के पास है। यह कहना अलग है कि एक शक्ति मौजूद है और यह कहना दूसरी बात है कि इसका हर मामले में अनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का जवाब...

याचिकाकर्ता के उठाए मुद्दों का असर व्यापक है। जो साफ तौर पर संसद की विधायी नीति के तहत आते हैं। इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में जरूरी बदलाव किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कई बार माना है कि एक या दूसरे ऑप्शन पर विधायी विकल्पों का असर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता है।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (1) के तहत अयोग्यता की अवधि आरोप साबित होने की तारीख से 6 साल या जेल के मामले में रिहाई की तारीख से 6 साल थी। अयोग्यता संसदीय नीति के मामले में समय तक सीमित है। याचिकाकर्ता की इस मुद्दे की समझ को फिर से स्थापित करना और आजीवन प्रतिबंध लगाना सही नहीं होगा।

न्यायिक समीक्षा के मामले में न्यायालय प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित कर सकता है। हालांकि याचिकाकर्ता की मांगी गई राहत ने अधिनियम की धारा 8 की सभी उप-धाराओं में 6 साल के बजाय 'आजीवन' पढ़ने की मांग की।

महाशिवरात्रि पर हजारीबाग में 2 समुदायों में झड़प, कई घायल:लाउडस्पीकर लगाने के दौरान पथराव और आगजनी, एक कार-3 बाइक और दुकान में आग लगाई



24 न्यूज अपडेट

झारखंड के हजारीबाग में बुधवार को महाशिवरात्रि पर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। इस घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं।

उपद्रवियों ने तीन बाइक, एक दुकान और एक कार को आग के हवाले कर दिया। एक ऑटो में भी तोड़ फोड़ की गई है। वहीं, प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने को लेकर हल्का लाठीचार्ज भी किया।

घटना इचाक प्रखंड के डुमरौन गांव की है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है। बताया जा रहा है कि शिवरात्रि पर लाउडस्पीकर लगाए जा रहे थे। इस दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने इसका विरोध किया। इसके बाद झड़प शुरू हो गई।

बड़ी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर मौजूद

प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इचाक प्रखंड के पदाधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है।

जिला प्रशासन ने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

हजारीबाग डीसी, नैंसी सहाय ने कहा कि 'आज सुबह हजारीबाग जिले के इचाक इलाके में साउंड सिस्टम चलाने को लेकर मारपीट और पथराव हो गया। पर्याप्त बल तैनात किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर डेरा डाले हुए हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में और शांतिपूर्ण है।'

मुसलमानों को कमजोर समझा गया- स्वास्थ्य मंत्री

वहीं, हजारीबाग में हुई हिंसा की घटना पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा, 'एसपी को उन्हें निर्देश दिया है कि हजारीबाग में लोगों से चतुराई से निपटें। असामाजिक तत्व, आरएसएस मानसिकता और कट्टरपंथी विचारधारा के लोग नफरत फैला रहे हैं। केस दर्ज किया जाएगा और दोनों पक्षों के लोग जेल जाएंगे। इससे बीजेपी को फायदा होगा। जिन्होंने ऐसा किया है, हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने वहां के मुसलमानों को कमजोर समझा है।'

उद्धव की शिवसेना के मुखपत्र में मोदी-फडणवीस की तारीफ



24 न्यूज अपडेट

शिवसेना उद्धव के मुखपत्र सामना में प्रधानमंत्री मोदी और महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस की तारीफ की गई है। लेकिन डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा गया है। मुखपत्र में महाराष्ट्र के इंफ्रॉस्ट्रक्चर, भ्रष्टाचार और पॉलिटिक्स पर लिखा गया है।

मुखपत्र में लिखा गया- एकनाथ शिंदे का पैसे जमा करने वाला मुख्य व्यक्ति 10 हजार करोड़ लेकर दुबई भाग गया। क्योंकि फडनवीस ने राज्य में गलत काम करने वालों को साफ करने का फैसला लिया है। शिंदे के CM रहने के दौरान हुए काले कारनामों को खत्म करने का पवित्र कार्य शुरू हो गया है। सामना में लिखा गया है कि CM फडणवीस ने मंत्रियों ने उनके OSD और PS नियुक्त करने का अधिकार छीनकर उचित कदम उठाया है। डिसिप्लिन लाने के लिए सख्त कदम उठाए हैं।

केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेजने की अटकलें:AAP ने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को विधानसभा उपचुनाव में कैंडिडेट बनाया



24 न्यूज अपडेट

आम आदमी पार्टी (AAP) ने पंजाब से राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। पार्टी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कांग्रेस और भाजपा का दावा है कि AAP संजीव अरोड़ा की जगह अब अरविंद केजरीवाल को राज्यसभा भेजेगी। कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा ने कहा कि केजरीवाल ने सांसद अरोड़ा से कैबिनेट में जगह देने का सौदा किया है। इस साजिश से पता चलता है कि केजरीवाल एक दिन भी सत्ता के बिना नहीं रह सकते। भाजपा IT सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी संजीव अरोड़ा की उम्मीदवारी पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा- क्या इस कदम का उद्देश्य अरविंद केजरीवाल के लिए पंजाब से राज्यसभा में नामांकन का रास्ता साफ करना है। क्या यह बेहतर नहीं होगा कि केजरीवाल के बजाय पंजाब से कोई व्यक्ति राज्य का प्रतिनिधित्व करे। कांग्रेस और भाजपा के दावों को AAP प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने खारिज कर दिया है। प्रियंका ने कहा- अरविंद केजरीवाल न पंजाब के CM बन रहे हैं और न ही राज्यसभा जा रहे हैं। दोनों बातें बिल्कुल गलत हैं।

यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी कर रही केंद्र सरकार:इसमें असंगठित क्षेत्रों, कंस्ट्रक्शन वर्कर, घरेलू स्टाफ और गिग वर्कर्स को शामिल किया जाएगा



24 न्यूज अपडेट

केंद्र सरकार देश के सभी नागरिकों के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी कर रही है। इसमें गैर-संगठित क्षेत्र के लोगों को भी शामिल किया जाएगा। अभी कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले, घरेलू स्टाफ, और गिग वर्कर्स को सरकार की ओर से चल रही पेंशन स्कीम्स का फायदा नहीं मिलता है।

इस स्कीम से सभी वेतनभोगी कर्मचारियों और सेल्फ एंप्लॉयड को लाभ मिलेगा। सरकार इसके लिए अभी प्रपोजल डॉक्यूमेंट्स तैयार कर रही है, इसके बाद स्टेकहोल्डर्स से प्रपोजल लिए जाएंगे।

मौजूदा पेंशन स्कीम्स से कैसे अलग है?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मौजूदा एंप्लॉय प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन से अलग है, क्योंकि नई स्कीम में सरकार अलग-अलग तरह के कई स्कीम्स को मिलाकर एक यूनिवर्सल स्कीम बना सकती है। इसे स्वैच्छिक आधार पर किसी भी नागरिक के लिए एक सुरक्षित विकल्प के रूप में देखा जा सकता है।

नेशनल पेंशन स्कीम का क्या होगा?

सोर्सेज के अनुसार, अगर यह स्कीम शुरू होती भी है तो नेशनल पेंशन स्कीम को न तो रिप्लेस नहीं करेगा और न ही उसमें मर्ज होगा। यानी यूनिवर्सल पेंशन स्कीम से नेशनल पेंशन स्कीम पर कोई असर नहीं होगा।

देश में अभी NPS और अटल पेंशन योजना चल रही

गैर संगठित क्षेत्रों के लिए कई सरकारी पेंशन स्कीम्स देश में चल रही है। इसमें से एक अटल पेंशन योजन है। इस स्कीम में व्यक्ति के 60 साल के हो जाने के बाद हर महीने 1,000 रुपए से 1,500 रुपए का रिटर्न मिलता।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM) भी चल रही है। इसमें रेहड़ी-पटरी वालों, घरेलू कामगारों और मजदूरों को फाइनेंशियल असिस्टेंस सरकार देती है।

वहीं, किसानों के लिए अलग से एक स्कीम- प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना चल रही है। इसमें निवेशक के 60 साल हो जाने के बाद सरकार हर महीने 3000 रुपए का असिस्टेंस देती है।

मार्च में बैंक 14 दिन बंद रहेंगे:5 रविवार और 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 7 दिन कामकाज नहीं होगा



24 न्यूज अपडेट

मार्च महीने में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 14 दिन बैंक बंद रहेंगे। 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 7 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। अगले महीने 14 मार्च को होली और 31 मार्च को ईद-उल-फितर जैसे दो बड़े त्योहार है।

ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं। यहां देखें मार्च महीने में आपके राज्य और शहर में बैंक कब-कब बंद रहेंगे...

ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम

आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और ATM के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

मार्च में शेयर बाजार में 12 दिन कारोबार नहीं

मार्च 2025 में शेयर बाजार में 12 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 10 दिन शनिवार और रविवार को कारोबार नहीं होगा। इसके अलावा शेयर बाजार 14 मार्च को होली और 31 मार्च को ईद-उल-फितर पर भी बंद रहेगा।

स्पाइसजेट को तीसरी तिमाही में 25 करोड़ का मुनाफा



24 न्यूज अपडेट

भारत की लो कॉस्ट एयरलाइन स्पाइसजेट को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 25 करोड़ रुपए का मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। कंपनी को पिछले साल की समान तिमाही में 301 करोड़ रुपए का लॉस हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में स्पाइसजेट के ऑपरेशन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 35.35% कम होकर 1,231 करोड़ रुपए पर आ गया है। एक साल पहले की समान तिमाही यानी FY24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 1,904 करोड़ रुपए रहा था।

संपादकीय : सौहार्द के साथ

भारत-चीन के बीच सीमा विवाद और अन्य मुद्दों पर वार्ता में जिन बिंदुओं पर सहमति बनने के दावे किए जाते हैं, उनमें से कई धरातल पर नहीं दिखते। संबंधों में कभी नरमी तो कभी गरमी बनी रहने बावजूद यह अच्छी बात है कि दोनों पक्ष बातचीत की मेज पर बैठते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान में मुलाकात के बाद दोनों देशों में विभिन्न स्तर पर कूटनीतिक और सैन्य वार्ता जारी है। लदाख में सीमा विवाद को लेकर वार्ता का दौर लंबा चला है। वहां कुछ गश्ती इलाकों को लेकर समाधान निकाला जाना अभी भी बाकी है। बहरहाल, यह अच्छी बात है कि दोनों देशों में बातचीत का क्रम हाल के दिनों में कभी टूटा नहीं है । इसी कड़ी में जी-20 सम्मेलन में जब दोनों देशों के विदेशमंत्री अलग से मिले, तो उन्होंने मानसरोवर यात्रा बहाल करने और सीमा विवादों को लेकर उत्साहजनक बातचीत की। हालांकि मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने को लेकर दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के स्तर पर पिछले महीने ही फैसला हो गया था, मगर विदेश मंत्रियों की ताजा बैठक से उसका आधार और मजबूत हुआ है। अब दोनों देशों के संबंधित महकमे इसके विभिन्न पक्षों की तैयारी कर सकेंगे। तल्ख रिश्तों की वजह से करीब पांच वर्ष से कैलास मानसरोवर यात्रा रुकी हुई थी। उम्मीद है कि यह यात्रा शुरू होने से दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फ कुछ और पिघलेगी। गलवान घाटी में हुए सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे। इसके बाद अक्तूबर में रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात में बर्फ पिघली । जब दोनों नेता मिले, तो उन्होंने जल्दी ही सीमा विवाद सुलझा लेने की योजना पर बात की। इस तरह लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध कुछ हद तक दूर हो सका और संवेदनशील मसलों पर बातचीत का सिलसिला शुरू हो सका। मानसरोवर यात्रा भारतीयों की आस्था से जुड़ी है, लेकिन सीमा विवाद के कारण चीन उसमें अड़चन पैदा करता रहा है। अब उम्मीद बनी है कि आने वाली गर्मियों में यह यात्रा फिर से शुरू हो सकेगी। फिर, जैसा कि चीन भरोसा दिलाता रहा है और पिछले कुछ महीनों में उसने इस पर बल देकर कहा है कि सीमा की पहचान का काम जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा, मानसरोवर यात्रा शुरू होने से उसके वादे पर यकीन कुछ बढ़ेगा। यह अच्छी बात है कि दोनों देश सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत करते रहे हैं। मगर चीन की तरफ से यह साबित करना अभी बाकी है कि सौहार्द की सीमा केवल बातचीत की मेज तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसे धरातल पर भी दिखना चाहिए। चीन अब भी अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते भारत के हिस्से वाले इलाकों में पांव पसारने से बाज नहीं आता। अपने आधिकारिक मानचित्र में बदलाव कर वह भारत के कई क्षेत्रों को अपने हिस्से में दिखा चुका है। उसने कुछ इलाकों में भारत की जमीन पर अपने प्रशासनिक भवन खड़े कर लिए हैं। कुछ विवादित भूखंडों पर पुल आदि का निर्माण कर रहा है। सुरक्षा गश्त को लेकर भी सवाल उठते हैं। अगर चीन सचमुच भारत के साथ अपने रिश्ते सौहार्दपूर्ण बनाए रखना चाहता है, तो उसे व्यावहारिक धरातल पर लचीलापन दिखाना होगा।

सीवर में मौत

दिल्ली के नरेला में शुक्रवार को सीवर की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत की घटना से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि इस समस्या पर काबू पाने को लेकर संबंधित सरकारी महकमों के भीतर कोई गंभीरता नहीं है। वरना, क्या वजह है कि इस मसले पर घोषित किए जाने वाले तमाम नियम-कायदों पर अमल को लेकर कभी सख्ती सामने नहीं आई। नतीजतन, आए दिन ऐसी घटनाएं होती हैं, जिनमें मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर की सफाई के लिए भीतर उतार दिया जाता है और उसमें मौजूद खतरनाक जहरीली गैसों की चपेट में आकर कइयों की जान चली जाती है। नरेला की घटना में सीवर में उतरे मजदूरों को बचाने की कोशिश में एक अन्य मजदूर भी बेहोश हो गया । जब भी इस तरह की घटना होती है तो सरकार जांच और कार्रवाई के साथ-साथ इस तरह काम कराने पर रोक लगाने की बात तो करती है, लेकिन नतीजा फिर ढाक के वही तीन पात होता है। सीवर, नालों और शौचालय की हाथ से या सामान्य तरीके से सफाई पर काफी पहले पाबंदी लगाने की घोषणा हो चुकी है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने भी समय-समय पर सख्त निर्देश दिए हैं। मगर जो सरकारें अन्य मामलों में कानूनों को लागू करने में बेहद सक्रिय दिखती हैं, उनमें सीवर या बड़े नालों में मजदूरों को उतार कर सफाई कराने पर पूरी तरह रोक लगाने की इच्छाशक्ति नहीं दिखती। क्या ऐसा इसलिए है कि ऐसी घटनाओं के पीड़ित समाज के सबसे दबे कुचले वर्ग से आते हैं? इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दौर में दुनिया भर में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में रोज नई ऊंचाइयां हासिल करने के दावे हो रहे हैं, उसमें हमारे देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर सीवर की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि आज जब सभी क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकी का दायरा फैल रहा है, ज्यादातर कामों को मशीनों के सहारे किया-कराया जा रहा है, सीवर की सफाई क्यों इंसान से कराई जाती है।

नया ज्ञान दे गए शिक्षामंत्री - भैंस का दूध पिओगे तो आलसी बनोगे, पाडा तो पाडा ही रहेगा? लोग बोले-गई भैंस पानी में.....





24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। आज बात स्कूल शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने आरसीए में नूतन सभागार में 'कृषि दक्षता और पशु कल्याण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सटीक पशुधन प्रबंधन तकनीक' विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि अजीब बात कह दी जो चर्चा का विषय बन गई। मंत्रीजी की बात ना सिर्फ लोगों को नागवार गुजरी बल्कि यह प्रैक्टिकल भी नहीं है। मंत्रजी ने देशभर के 29 प्रांतां के लगभग चार सौ वैज्ञानिक, पशुधन के ज्ञाता व किसानों की प्रतिभागिता वाले सम्मेलन में कहा कि गाय का दूध पीने वाला बच्चा सदैव चंचल, तीक्ष्ण बुद्धि वाला होता है जबकि भैंस का दूध पीने वाला बच्चा ऊंगणिया (आलसी) होता है। गाय के बछड़े को छोड़ते ही वह उछलता - कूदता सीधे अपनी मां के पास पहुंच जाता है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि गाय का बछड़ा थोड़ा बड़ा होने पर केरड़ा, नारकिया और अंत में बैल बनता है जबकि भैंस का बच्चा जन्म से अंत तक पाडा ही रहता है। यह बातें हकीकत से परे है क्योंकि लेकसिटी उदयपुर में ही यह पता लगाना लगभग असंभव है कि जो दूध बिक रहा है या सप्लाई हो रहा है वह गाय का है कि भैंस का। जिन डेयरियों पर गाय व भैंस का दूध अलग-अलग बिकता भी है तो क्या वहां से भैंस का दूध बैन कर देना चाहिए? मंत्रीजी की बात मानकर यदि डबल इंजन की भाजपा के लोग की भैंस का दूध पीना बंद कर देंगे तो शायद उनको इसी लेकसिटी में दूध भी नसीब नहीं होने वाला है। भैंस का दूध किसी भी रूप में क्वालिटी में कम नहीं होता है। ऐसा कौनसा वैज्ञानिक शोध हुआ है यह मंत्रीजी ने अपने भाषण में नहीं बताया। ऐसे में साइंटिफिक टेम्प्रामेंट से परे बात करना लोगों में चर्चा का विषय बन गया। ऐसी अवैज्ञानिक व्याख्या अगर शिक्षा मंत्री करे तो मामला और भी गंभीर व सोच में डालने वाला है। यदि भाषण में गाय की श्रेष्ठता साबित करनी है तो उसमें भैंस को नीचा दिखाने की कोई वजह व कारण नहीं होना चाहिए क्योंकि पशुधन किसान को समान रूप से प्रिय होता है। खास बात यह भी रही कि कार्यक्रम में मूर्धन्य वैज्ञानिकों के होने के बावजूद किसी ने भी मंत्रीजी को इस अवैज्ञानिक व साइंटिफिक टेम्परामेंट को खराब करने वाली बात के लिए नहीं टोंका। शायन उन्हें डर सता गया कि कहीं मंत्रीजी नाराज नहीं हो जाएं। यदि मंत्रीजी की बातें मानें व आलसी बनाने वाली भैंस का दूध बच्चों को नहीं पिलाएं तो दूध की जो शॉर्टेज होगी व दाम बढ़ेंगी उसके लिए क्या एक्शन प्लान है। हालांकि इसी समारोह में मंत्री बोले कि हर पशु का अपना महत्व है। यदि चेतक घोड़ा नहीं होतो प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप का नाम इतना आगे नहीं होता। ऊँट को राज्य पशु का दर्जा दिया गया है। यह प्रजाति भी विलोपन के कगार पर है। वैज्ञानिकों को इसे बचाने के उपाय ईजाद करने होंगे। सीमा सुरक्षा मामले में भी ऊंट की अपनी अहमियत है। 'रेगिस्तान के जहाज' के नाम से परिचित ऊंट बीएसएफ के लिए वरदान है जो बिना पानी पीये आठ-दस दिन निकाल लेता है। लेकिन गाय की अपनी विशेष महत्ता है। गाय का गोबर व मूत्र से कई बीमारियां स्वतः भाग जाती है। कोई भी पवित्र कार्य करने से पूर्व गोबर से लिपाई का प्रचलन है ताकि शुद्धता बरकरार रहे। गोमाता नहीं होती तो ये सृष्टि भी संभवतया नहीं होती। गोमाता के होने मात्र से हमने खाद्यान्न उत्पादन आरंभ किया, लेकिन अफसोस इस बात का है कि गोमाता की नस्ल ही बिगड़ गई। आज असली गोमाता के दर्शन तक दुर्लभ है। गिर, साहीवाल, थारपारकर गायों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिनका कंधा ऊंचा हो, सही मायने में उन्हीं गायों का दूध लाभप्रद है। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वे इस रणनीति पर काम करे कि हमारी पारम्परिक देसी गायों का संरक्षण किया जा सके। अनादिकाल में हमारे पूर्वजों ने खेती करना शुरू किया होगा तो कितने संकट आए होंगे। खुदाई कर मिट्टी तैयार करना, खेत का आकार देना। तब अकेली गोमाता थी जिसने अपने पुत्र यानी बैल को समर्पित किया और हल के माध्यम से खेती किसानी का दौर आंरभ हुआ। आज के तकनीकी दौर में मशीनीकरण का बोलबाला है लेकिन हमें बैलों की महत्ता को भी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक की व कहा कि दो वर्ष तीन माह के कार्यकाल में एमपीयूएटी ने 44 पेटेन्ट हासिल किए। इस तरह कुल 55 पेटेन्ट विश्वविद्यालय के नाम हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के पशुधन वैज्ञानिकों आह्वान किया कि मंत्री महोदय की मंशा के अनुसार अपनी गायों की ब्रीड को संरक्षित करने की दिशा में सारगर्भित शोध करने की जरूरत है। देश को ऐसी कृषि प्रणाली की जरूरत है जो न केवल पशु हितैषी हो बल्कि वातावरण और पर्यावरण को बचाने वाली भी हो। 21 वीं पशुगणना के परिणाम भी इसमें मददगार साबित होंगे। विशिष्ट अतिथि अमूल आणंद (गुजरात) के महाप्रबंधक डॉ. अमित व्यास ने कहा कि विश्व में 240 मैट्रिक टन दुग्ध उत्पादन में हमारे देश की भागीदारी 23 प्रतिशत है। देश में सर्वाधिक दूध उत्पादन में उत्तरप्रदेश के बाद दूसरा स्थान राजस्थान का है। डॉ. व्यास ने कहा कि गाय का दूध कैसे बढ़े और खर्च कम कैसे हो। इस पर अमूल वृहद स्तर पर काम कर रहा है। और सफलता भी मिली है। अमूल प्रतिष्ठान में चार सौ पशु चिकित्सकों की टीम में नित्य गायों की देखभाल में लगी है और लक्षण दिखाई देते ही इलाज आरंभ कर दिया जाता है। खास बात यह है कि आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवाओं से गायों का इलाज किया जा रहा है। ऐसी तकनीक किसानों तक भी पहुंचनी चाहिए। साथ ही अमूल बायो गैस, गायों की खुराक, कृत्रिम गर्माधान, ड्रोन तकनीक पर भी लगातार काम कर रहा है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, एमबीएस विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति डॉ. अजय शर्मा, भारतीय पशु उत्पादन एवं प्रबंधन सोसायटी सरदार कृषि नगर दांतीवाड़ा (गुजरात) के अध्यक्ष डॉ. ए.पी. चौधरी ने भी संबोधित किया। आयोजन सचिव सिद्धार्थ मिश्रा ने बताया कि राजस्थान कृषि महाविद्यालय के पशु उत्पादन विभाग और भारतीय पशु उत्पादन एवं प्रबंधन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में कुल सात तकनीकी सत्रों में वैज्ञानिक उपरोक्त विषय पर गहन मंथन करेंगे। आरंभ में सम्मेलन समन्वयक डॉ. जे.एल. चौधरी ने स्वागत भाषण दिया। संचालन डॉ. गायत्री तिवारी ने किया।

लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड व सम्मान

समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड तमिलनाडु के डॉ. त्यागराज शिवकुमार के दिया गया जबकि पशु उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. बालूस्वामी (तमिलनाडु), डॉ. बी.एस. खद्दा (मोहली), डॉ. बी. सतीशचंद्र (कर्नाटक), डॉ. बी. रमेश (तमिलनाडु), को शील्ड व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इफ्को के प्रबंधक सुधीर मान व शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी डॉ. सुनील दाधीच को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

भीलवाड़ा में एक हार्डकोर सहित 5 बदमाशों को पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा की प्रताप नगर थाना पुलिस ने चाकूबाजी और मारपीट के एक मामले का खुलासा करते हुए 1 हार्डकोर अपराधी सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत ठोलिया ने बताया कि एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाइयों को अंजाम दिया जा रहा है। इसी के तहत 21 फरवरी को अनिल यादव ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमे बताया कि उसका रेंटल कार का बिजनेस है और भीलवाड़ा कार रेंटल के नाम से उसका ऑफिस है। उसके फर्म के नाम से कुछ लोगों ने एक फेक इंस्टाग्राम और फेसबुक आईडी बना रखी है। इन आईडी के जरिए कस्टमर को रेंट पर कार देने के नाम पर एडवांस पैसा ले लेते हैं और इन्हें कार लेने के लिए मेरे ऑफिस पर भेज दिया जाता है ?। 20 फरवरी को शाम को मेरे ऑफिस पर प्रकाश उर्फ टेनिया और उसके साथी राजू बन्ना, कान सिंह उर्फ कान्हा,महावीर प्रजापत,आर्यन सिंह सहित कुछ लड़के आए और फेक आईडी को लेकर गाली गलौज और झगड़ा करने लग गए। इसी दौरान प्रकाश ने अपनी जेब से चाकू निकालकर मेरे पेट में मार दिया और मैं वहीं घायल होकर गिर गया। वहां मौजूद मेरे दोस्तों ने मुझे अस्पताल पहुंचाया। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर टीम का गठन किया। इस टीम ने हमले में शामिल आरोपियों की विभिन्न स्थानों पर तलाश की। टेक्निकल डेटा, लोकल पुलिसिंग के बाद इन शामिल आरोपियों को डिटेन किया गया और पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इनसे डिटेल पूछताछ की जा रही है। पकड़ा गया हार्डकोर अपराधी जयप्रकाश उर्फ तानिया के खिलाफ भीलवाड़ा के विभिन्न स्थानों में 21 से ज्यादा मामले दर्ज है और ये पुलिस का वांटेड है।

गोगुंदा में पुलिस और तस्करों के बीच मुठभेड़, 478 किलो डोडा चूरा बरामद



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, गोगुंदा। गोगुंदा में पुलिस ने प्रशिक्षु आईपीएस माधव उपाध्याय के नेतृत्व में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया, जिसमें 478 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया गया। इस मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इस कार्रवाई में एक तस्कर गिरफ्तार हुआ, जबकि दूसरा फरार हो गया। घटना देर रात हाईवे पर बायण माता कट के पास हुई, जहां पुलिस ने नाकेबंदी कर एक संदिग्ध लग्जरी कार को रोकने का प्रयास किया। तस्करों ने फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और उनका पीछा किया व फायरिंग से गाड़ी पंचर कर दी। तस्कर गाड़ी को गोगुंदा क्षेत्र में छोड़कर जंगल की ओर भागे, लेकिन करीब दो किलोमीटर की पीछा करने के बाद पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। जब्त की गई कार की तलाशी लेने पर उसमें 22 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 478 किलो डोडा चूरा मिला। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर, धोरीमना (बाड़मेर) निवासी प्रवीण बिश्नोई से पूछताछ शुरू कर दी है, वहीं फरार आरोपी विक्रम पंवार की तलाश जारी है। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई में प्रशिक्षु आईपीएस एवं गोगुंदा थाना अधिकारी माधव उपाध्याय के साथ कांस्टेबल शिवराज, भूपेंद्र सिंह चारण, योगेंद्र सेन, रामस्वरूप और वाहन चालक प्रकाश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोगुंदा में पदभार ग्रहण करने के बाद से ही माधव उपाध्याय के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है, जिससे तस्करों और अपराधियों में भय का माहौल है। अब देखना यह होगा कि फरार आरोपी पुलिस के शिकंजे में कब तक आता है।

मां और 2 बच्चों पर कुत्ते ने किया हमला चेहरे, पैर समेत शरीर के कई जगहों पर काटा, हॉस्पिटल में इलाज जारी



24 न्यूज अपडेट

शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण एरिया में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आज(बुधवार) खेत से घर जा रही मां और उसके बेटा- बेटी पर कुत्ते ने हमला कर दिया और तीनों को कई जगह काट लिया। कुत्ते के हमले में तीनों घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

मामला कोटड़ी थाना क्षेत्र के सिंह जी का खेड़ा में बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे का है। यहां एक कुत्ते ने खेत से घर जा रही एक महिला और उसकी 9 साल की बेटी और 6 साल के मासूम बेटे पर हमला कर जगह जगह काट लिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

घायल सिंहजी का खेड़ा निवासी नारायणी के पति लक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि आज सुबह 10.30 बजे उसकी पत्नी अपनी 9 साल की बेटी शिवानी और 6 साल के राजवीर के साथ खेत से अपने घर पैदल जा रही थी इसी दौरान अचानक झाड़ियों में से एक कुत्ता निकल के आया और तीनों पर हमला कर दिया। कुत्ते ने मेरे बेटे के पेट व चेहरे पर और मेरी बेटी के कमरे से निचले हिस्से और पत्नी के हाथ और चेहरे पर जगह जगह काट लिया।

तीनों घायलों को इलाज के लिए पहले कोटड़ी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर महात्मा गांधी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में तीनों घायलों का इलाज जारी है। फिलहाल घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

महिला स्वयं सहायता समूह से गबन का आरोपी गिरफ्तार

बैंक के फील्ड ऑफिसर ने 2.96 लाख रुपए हड़पे, 3 साल से था फरार



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा थाना पुलिस ने महिला समूह के लोन कलेक्शन की राशि के गबन के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 2 लाख 96 हजार की राशि का गबन किया था। वहीं, आरोपी पिछले 3 साल से फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

सागवाड़ा थानाधिकारी मदन खटिक ने बताया कि भारत फाइनेंस इन्क्लूजन लिमिटेड इंडसइंड बैंक के सागवाड़ा ब्रांच के धनराज गुर्जर ने 6 जुलाई 2022 को थाने में मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि बैंक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में महिलाओं को लोन देकर सहायता प्रदान करता है।

उनके बैंक के फिल्ड ऑफिसर दिलीप मीणा निवासी टोंक ने महिला समूह से लोन किश्त करीब 2 लाख 96 हजार की राशि वसूल कर ली, लेकिन ब्रांच में जमा नहीं करवाई और गबन करके फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज आरोपी की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रयास करते हुए मुखबिर की सूचना पर 3 साल बाद आरोपी दिलीप मीणा को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

जयपुर में 8 नई आवासीय योजना लाएगा जेडीए:मार्च में 4 स्कीम लॉन्च होंगी, 1200 से ज्यादा प्लॉट; 3 वेयर हाउस स्कीम भी आएंगी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) आठ नई आवासीय योजनाएं और तीन वेयर हाउस स्कीम लाने की तैयारी कर रहा है। इनमें से 4 स्कीम के लिए मार्च में आवेदन शुरू होंगे, जिनमें 1200 से ज्यादा प्लॉट उपलब्ध होंगे। सभी प्लॉट का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। 4 साल बाद हाल ही में JDA ने 3 आवासीय योजनाएं लॉन्च की थी।

पहली रेजिडेंशियल योजना सीकर रोड पर रामपुरा डाबड़ी के ग्राम बैनाड़ दौलतपुरा में प्रस्तावित है। दूसरी योजना टोंक रोड पर चाकसू हाईवे के पास है। तीसरी योजना बस्सी और चौथी निवारू रोड से लालचंदपुरा के बीच मंशारामपुरा में प्रस्तावित है। बाकी चार रेजिडेंशियल योजना अजमेर रोड पर जयरामपुरा, कालवाड़ रोड पर रोजड़ा, आमेर के राजावास और आगरा रोड पर बगराना में लॉन्च की जाएंगी।

पहली योजनाः सीकर रोड पर, स्कूल और खेल का मैदान भी होगा

जेडीए के जोन-12 में नई आवासीय योजना प्रस्तावित है। इनमें से आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए 95 प्लॉट और निम्न आय वर्ग (LIG) के लिए 88 प्लॉट आरक्षित किए गए हैं। बाकी 174 प्लॉट सामान्य कैटेगरी के रहेंगे। JDA की परियोजना कार्य समिति इस योजना को हरी झंडी दे चुकी है। ऐसे में अब जेडीए रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (RERA) राजस्थान में इस योजना के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करेगा।

जेडीए की इस योजना में ग्रुप हाउसिंग, फ्लैट्स, रिसोर्ट, कॉमर्शियल और रिटेल कॉमर्शियल के लिए प्लॉट आरक्षित किए गए हैं। योजना की भूमि में से ही जोनल प्लान की 100 फीट और 160 फीट चौड़ी सड़क प्रस्तावित है। इसकी 1.25 हेक्टेयर जमीन स्कूल और खेल के मैदान के लिए रिजर्व रखी है।

दूसरी योजनाः चाकसू कस्बे के पास, कॉमर्शियल प्लॉट भी होंगे

चाकसू कस्बे की तरफ जाने वाली 200 फीट सड़क पर स्थित यह योजना टोंक रोड से भी बहुत नजदीक है। इस स्कीम में उच्च आय वर्ग के 48, मध्यम आय वर्ग-ए के 90 प्लॉट, मध्यम आय वर्ग-बी के 12 प्लॉट, आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के 44 प्लॉट और निम्न आय वर्ग के 107 प्लॉट हैं।

जेडीए की इस योजना में ग्रुप हाउसिंग के 3, फ्लैट्स के लिए 3 प्लॉट और व्यवसायिक उपयोग के 64 प्लॉट हैं। 200 फीट सड़क की तरफ जेडीए की ओर से योजना में बड़े कॉमर्शियल प्लॉट प्रस्तावित किए गए हैं।

ग्राम काठावाला जुझारूपुरा स्थित इस योजना की आरक्षित दर 25 हजार से 30 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर रहने की संभावना है। फिलहाल रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी में योजना का पंजीकरण कराने की तैयारी चल रही है।

तीसरी योजनाः इसमें अधिकांश आवासीय योजना

बस्सी के खसरा नंबर 1629, 1630 और 1631 पर यह योजना प्रस्तावित है। इसमें अधिकांश प्लॉट आवासीय रहेंगे। योजना का रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी में रजिस्ट्रेशन करवाया जा चुका है। योजना की आरक्षित दर 14 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर रखी है। जेडीए की इस योजना के कुल 233 प्लॉट में से ईडब्ल्यूएस के 131, एलआईजी के 36 और एमआईजी-ए के 66 प्लॉट हैं।

चौथी योजनाः इसकी आरक्षित दर 13 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर

जोन 12 में खसरा नंबर 37, 38 ,72 और 105 पर ये स्कीम प्रस्तावित है। यह योजना निवारू से लालंचदपुरा जाने वाली सड़क पर स्थित है। योजना का RERA में रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

योजना की आरक्षित दर 13 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर प्रस्तावित की गई है। जेडीए की इस योजना के कुल 157 प्लॉट में से ईडब्ल्यूएस के 39, एलआईजी के 70, एमआईजी-ए के 25 और एमआईजी-बी के लिए 23 प्लॉट हैं।

अजमेर जैसे रेप-ब्लैकमेल कांड के 8 किरदारःपूर्व पार्षद धर्मांतरण गैंग की मुख्य कड़ी; एक पीड़िता बोली-उसने कहा था, ये गलत नहीं है,कुछ नहीं होगा

ये प्रोफाइल हैं बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड के आरोपियों की।



24 न्यूज अपडेट

अब तक सामने आए आरोपियों की प्रोफाइल खंगाली। सामने आया कि बिजयनगर (ब्यावर) में स्कूल गर्ल्स को फंसाने वाले धर्मांतरण गैंग की मुख्य कड़ी एक पूर्व पार्षद है। उसने मजहब का सहारा लेकर वेल्डिंग, पेंटिंग और हमाली करने वालों को इस घिनौने प्लान में शामिल किया।

पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी : कई मुस्लिम लड़कों को अपने साथ जोड़ा

23 फरवरी को बिजयनगर थाना पुलिस ने पूर्व निर्दलीय पार्षद हकीम कुरैशी को गिरफ्तार किया था। हकीम ने इलाके के कई मुस्लिम लड़कों को अपने साथ जोड़ रखा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि एक बच्ची ने रेप के मामले में अपने बयानों में भी पुलिस को ये बताया है कि हकीम ने उससे कहा था कि ये गलत नहीं है और इससे कुछ नहीं होगा। किसी को कुछ पता नहीं चलेगा।

ऐसे में अब पुलिस यही पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हकीम इस गिरोह के जरिए क्या कोई बड़ी साजिश की प्लानिंग तो नहीं कर रहा था। मसूदा सीओ सज्जन सिंह ने बताया कि हकीम बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड में आरोपी का सहयोगी था। रविवार (23 फरवरी) शाम को आरोपी को अजमेर के कोटड़ा स्थित पॉक्सो कोर्ट के जज के आवास पर पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन के रिमांड पर भेज दिया गया था।

टेंपो ड्राइवर आशिक : पहली लड़की को फंसाने वाला

21 साल का आशिक पुत्र राज मोहम्मद मंसूरी बिजयनगर का रहने वाला है। टेंपो चलाता है। सबसे पहली लड़की को आशिक ने ही फंसाया था। आशिक अक्सर छात्रा के स्कूल के रास्ते में खड़ा रहता था। पहले उसने छात्रा से दोस्ती की। उसे की-पैड वाला छोटा सा चाइनीज मोबाइल दिला दिया। रोज फोन पर उससे बात करता। वह छात्रा से इंस्टाग्राम पर भी जुड़ गया था। छात्रा से फोटो-वीडियो मंगवाए।

इतना ही नहीं, वह उसे बाहर घुमाने भी ले जाने लगा। इसी दौरान उसने छात्रा के आपत्तिजनक वीडियो बना लिए और ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसी छात्रा के सहारे उसने एक अन्य लड़की को भी फंसा लिया। पहली लड़की के नंबर और उसके वीडियो अपने साथियों को शेयर कर दिए।

मद्रास हाईकोर्ट का बड़ा फैसलाः अस्थायी कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर रोक से इनकार



24 न्यूज अपडेट

चेन्नईः मद्रास हाईकोर्ट ने बुधवार को नवंबर 2020 के बाद नियुक्त अस्थायी कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर रोक लगाने से इंकार कर दिया. कोर्ट ने साफ किया कि उसके आदेश को बदला नहीं जा सकता. लेकिन तमिलनाडु सरकार अगर राहत चाहती है तो उसे संशोधन याचिका दाखिल करनी होगी. इससे पहले, हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को आदेश दिया था कि वह नवंबर 2020 के बाद नियुक्त सभी अस्थायी कर्मचारियों को हटाकर 17 मार्च तक रिपोर्ट पेश करे.

क्या है मामलाः सत्या को 1997 में अनुबंध के आधार पर अरियालुर जिले के ग्रामीण विकास विभाग में कंप्यूटर सहायक के रूप में नियुक्त किया गया था. उसने अपनी नौकरी को नियमित करने की मांग करते हुए मद्रास उच्च न्यायालय में मामला दायर किया. हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार कर 12 सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का आदेश दिया. ग्रामीण विकास विभाग ने इस आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी.

क्या कहा था कोर्ट नेः 25 फरवरी को आर. सुब्रमण्यन और जी. अरुलमुरुगन की पीठ ने नवंबर 2020 के बाद नियुक्त सभी अस्थायी कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया और तमिलनाडु सरकार को अस्थायी कर्मचारियों को नियुक्त करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया. इसके अलावा, पीठ ने राज्य सरकार को अस्थायी कर्मचारियों की बर्खास्तगी के संबंध में 17 मार्च को रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया.

राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाईः राज्य सरकार ने इस आदेश को संशोधित करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया. राज्य सरकार के अनुरोध पर मामले की सुनवाई 26 फरवरी को की गयी. सुनवाई करने वाले न्यायाधीशों ने कहा कि वे अस्थायी कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए जारी आदेश में संशोधन नहीं कर सकते. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुनरीक्षण याचिका दायर कर राहत पा सकती है.

सैलरी नहीं मिलने पर ओमान से नाव लेकर भागे भारतीयःGPS की मदद से 3000KM का समुद्री सफर तय किया, इंडियन कोस्ट-गार्ड ने पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

भारतीय तटरक्षक और तटीय सुरक्षा पुलिस (CSP) के अधिकारियों ने कर्नाटक के उडुपी तट से लगभग 15 किमी दूर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग शनिवार को सेंट मैरी आईलैंड के पास ओमान की एक मछली पकड़ने वाली नाव से अवैध रूप से भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश कर गए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जेम्स फ्रैंकलिन मोसेस (50), रॉबिनस्टन (50) और डेरोज अल्फांसो (38) के तौर पर हुई। ये सभी सभी तमिलनाडु के रहने वाले हैं। तीनों पर पासपोर्ट एक्ट 1920 की धारा 3 और भारतीय समुद्री क्षेत्र एक्ट 1981 की धारा 10, 11 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया। ये लोगों सिर्फ एक GPS डिवाइस की मदद से लगभग 3000 किलोमीटर का समुद्री सफर तय करके 23 फरवरी को कारवार तट के रास्ते सेंट मैरी द्वीप पहुंचे। पुलिस को आतंकी एंगल नहीं मिला तटीय सुरक्षा पुलिस के SP मिथुन HN ने इस मामले में किसी भी आतंकी एंगल से इनकार किया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ये सभी ओमान में एक मछली पकड़ने वाली कंपनी में काम कर रहे थे। यहां उन्हें समय पर सैलरी नहीं मिल रही थी और उन्हें परेशान किया जा रहा था। इन लोगों का पासपोर्ट भी जब्त कर लिया गया था। इस वजह से ये लोग नाव के साथ भाग गए ताकि वे अपने घर पहुंच सकें। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे ओमान के पूर्वी हिस्से में दुकम बंदरगाह से निकले थे। उन्हें 23 फरवरी को शाम करीब 4.30 बजे उडुपी तट से दूर सेंट मैरी आईलैंड के पास से पकड़ा गया। एक लोकल मछुआरे ने इस बारे में CSP को जानकारी दी थी।

जोधपुर में मुनीम से 14.69 लाख की लूटःबुलेट पर आए बदमाशों ने बाइक के हैंडल पर लटका बैग छीना; 3 हिरासत में



24 न्यूज अपडेट

बुलेट पर आए बदमाशों ने फैक्ट्री के मुनीम से झपट्टा मार कर 14.69 लाख की नकदी से भरा बैग लूट लिया। मुनीम ने इसके बाद बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वो भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर लुटेरों की तलाश शुरू की और 3 को हिरासत में लिया है। मामला जोधपुर के बासनी थाना इलाके का गुरुवार का है।

रास्ता रोककर हैंडल पर लटका बैग छीना

बासनी पुलिस के अनुसार, सांगरिया क्षेत्र में चैनसुख सुथार की फैक्ट्री में काम करने वाले मुनीम राजेंद्र सिंह के पास फैक्ट्री का कैश था। इसे सुथार ने फोन कर बुधवार सुबह लाने को कहा था। इस पर राजेंद्र सिंह पूरी नकदी लेकर सांगरिया क्षेत्र की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बुलेट पर सवार लुटेरों ने तनावडा-सांगरिया फांटा के बीच मौका पाकर राजेंद्र सिंह का रास्ता रोका। इसके बाद बाइक के हैंडल पर लटक रहा बैग झपट कर वहां से भाग निकले। बुलेट पर आए लुटेरों ने हेलमेट लगा रखे थे। वे पहले से ही मुनीम राजेंद्र सिंह की रेकी कर उसका पीछा कर रहे थे।

दुर्लभ उपलब्धि ! डॉक्टरों ने की 7 घंटे लंबी हृदय सर्जरी... 13 दिन के बच्चे को मिला नया जीवन



24 न्यूज अपडेट

कोलकाताः पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के अलीपुर में एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने दुर्लभ चिकित्सा उपलब्धि हासिल की है. डॉक्टरों की टीम ने सांस लेने में कठिनाई से पीड़ित मात्र 13 दिन के नवजात शिशु की सात घंटे लंबी सर्जरी की और उसे नया जीवन दिया. स्वस्थ होने के बाद बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. बच्चे का परिवार उत्तर बंगाल का रहने वाला है. जन्म के बाद बच्चे का शरीर नीला पड़ने के बाद उसे कोलकाता के सीएमआरआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था. सीएमआरआई के कार्डियक सर्जन डॉ. कुंतल रॉय चौधरी ने ईटीवी भारत को बताया कि नवजात को किन जटिलताओं के चलते भर्ती कराया गया था. उन्होंने कहा कि बच्चे का शरीर नीला पड़ रहा था और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की तरह सक्रिय नहीं था. उसके रक्त में ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर 65 मापा गया और अस्पताल के बाल रोग विभाग में एक ईसीओ किया गया, जिसमें एक दुर्लभ बीमारी - ट्रांसपोजिशन ऑफ द ग्रेट आर्टरी (टीजीए) का पता चला. उन्होंने कहा कि जो लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, उन्हें स्तनपान नहीं कराया जा सकता है और उन्हें हृदय संबंधी बीमारियां हो सकती हैं. मानव शरीर में हृदय ऑक्सीजन युक्त रक्त बायीं धमनियों के माध्यम से प्राप्त होता है और इसे महाधमनी के माध्यम से बाहर पंप करता है. दूसरी ओर, हृदय के दाहिने वाल्व में फुफ्फुसीय धमनी के माध्यम से फेफड़ों को ऑक्सीजन रहित रक्त की आपूर्ति की जाती है. चौधरी ने बताया कि टीजीए में धमनियां एक दूसरे के बगल में थीं, जिससे रक्त का मिश्रण बेमेल हो गया.

टीजीए जन्मजात बीमारी

उन्होंने आगे कहा कि टीजीए जन्मजात है लेकिन इसके होने की कोई स्पष्ट अवधारणा नहीं है. कुछ मामलों में, अगर मां नशा करती है तो अजन्मे बच्चे को यह बीमारी हो सकती है. कभी-कभी, गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक लिथियम-प्रकार की दवाओं के सेवन से भी टीजीए हो सकता है. विदेशों में भ्रूण इकोकार्डियोग्राफी (foetal echocardiography) के माध्यम से टीजीए का पता लगाया जा सकता है. सर्जरी टीम में बाल हृदय रोग विशेषज्ञ श्यामजीत समद्दार, हृदय रोग विशेषज्ञ कुंतल रॉय चौधरी, डॉ. प्रबीर कुमार दास और अन्य शामिल थे.

एक सर्जन ने बताया, ऑपरेशन सात घंटे तक चला और हमने मरीज को 48 घंटे तक बिना टांके के छोड़ दिया, ताकि देखा जा सके कि प्रक्रिया सफल हुई या नहीं. टांके लगाने के बाद उसे चार दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया और 10 दिनों की निगरानी के बाद उसे छुट्टी दे दी गई.

कुख्यात कैदियों तक अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में पहुंचा रहा था मोबाइल सिम, जेल प्रहरी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

अजमेरः प्रदेश की एकमात्र हाई सिक्योरिटी जेल में कुख्यात अपराधियों के लिए मोबाइल सिम ले जाते जेल के मुख्य प्रहरी छोटू राम को गिरफ्तार किया गया. मुख्य प्रहरी छोटू राम को सोमवार रात तलाशी के दौरान तीन मोबाइल सिम के साथ पकड़ा था. उसकी सरकारी वर्दी में लगी व्हिसल की डोरी में प्लास्टिक टेप से लिपटी तीन सिम बरामद की थी. जेल प्रशासन ने आरोपी प्रहरी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया. प्रहरी को सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया.

सिविल लाइन थाने के एएसआई भीम सिंह ने बताया कि हाई सिक्योरिटी जेल में मुख्य प्रहरी छोटूराम सोमवार देर शाम ड्यूटी के लिए जेल में जा रहा था, तब उसकी तलाशी ली तो व्हिसल से लिपटी तीन सिम मिली. आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया. एसआई ने बताया कि आरोपी प्रहरी छोटू राम किन कैदियों के लिए सिम लाया, इससे पहले किनको मोबाइल और सिम दे चुका है, इस बारे में पूछताछ की जाएगी. जांच में पाया कि तीनों मोबाइल सिम अलग-अलग कंपनी की है.

यह था मामलाः हाई सिक्योरिटी जेल के तीन नंबर सेल में बंद अपराधियों की निगरानी में तैनात प्रहरी छोटूराम सोमवार को ड्यूटी पर था. देर शाम खाना खाने के बहाने जेल से बाहर गया. कुछ देर बाद लौटा तो बिना चेकिंग के जेल में घुसने लगा. ड्यूटी पर मौजूद प्रहरियों ने उसकी जांच की. इसमें व्हिसल की डोरी में टेप से चिपकी तीन सिम मिली. प्रहरियों और अधिकारियों ने जेल अधीक्षक पारस जहांगीर को मामले की सूचना दी. जेल अधीक्षक ने आरोपी प्रहरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए. इसके बाद जेल प्रशासन ने सिविल लाइन थाने में प्रहरी छोटू राम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया.

एकलिंगनाथ के जयकारों से गूंजी कैलाशपुरी: महाशिवरात्रि पर उमड़ा भक्तों का सैलाब



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव भक्तों का अपार उत्साह देखने को मिला। हर-हर महादेव के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में दर्शन किए और भक्ति में लीन हो गए। कैलाशपुरी स्थित एकलिंगनाथ मंदिर और उदयपुर के महाकाल मंदिर सहित शहर के प्रमुख शिवालयों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। एकलिंगनाथ मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें कैलाशपुरी स्थित भगवान एकलिंगनाथ के दर्शन के लिए मंदिर के मुख्य द्वार से उदयपुर रोड तक 500 मीटर से अधिक लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु रात से ही मंदिर पहुंचने लगे और पट खुलते ही दर्शन की होड़ मच गई। उदयपुर और आसपास के गांवों से भक्त पैदल यात्रा कर एकलिंगनाथ के दर्शन करने पहुंचे। रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और स्वागत की विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।

महाकाल मंदिर में भक्तों का सैलाब

उदयपुर के महाकाल मंदिर में भी शिवरात्रि पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर अंदर तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से भगवान महाकाल के दर्शन किए और अभिषेक कराया।

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में विशेष आयोजन

महंत बृज बिहारी वन महाराज की तपोस्थली गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। पंचायती निरंजनी अखाड़े के काशी, हरिद्वार, अमरनाथ, प्रयाग से आए संतों ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। हजारों श्रद्धालु दिनभर दर्शन के लिए मंदिर में उमड़े। श्री गुप्तेश्वर महादेव भजन मंडली द्वारा पूरे दिन भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना दिया गया। इसी प्रकार अन्य शिवालयों में भी दिन भर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने वालों का तांता लगा रहां। कई जगह भजन संध्याएं भी हुईं व महाप्रसादी का आयोजन किया गया। व्रतार्थियों के लिए अलग से व्यवस्थाएं की गई।

खीर एवं सेगारी प्रसाद वितरण

शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर देवराजेश्वर महादेव मित्र मंडल आयड़ एवं गंगोद्भव विकास समिति द्वारा खीर एवं सेगारी प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम सिंह शक्तावत, गंगोद्भव समिति के सचिव महेश भावसार, पूर्व पार्षद मनोहर चौधरी, डॉ. विजय विप्लवी, राकेश जैन, प्रेम शंकर सुथार, शिवशंकर नागदा, योगेश ढेनवाल आदि उपस्थित रहे।

शहरभर में शिवरात्रि का उल्लास

उदयपुर के प्रमुख शिवालयों में महाशिवरात्रि का उत्साह चरम पर रहा। शिव भक्तों ने श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की और शिव आराधना में दिनभर लीन रहे। पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़ और भक्तों की श्रद्धा ने इस पर्व को और विशेष बना दिया।

श्रेयेश्वर महादेव मंदिर व श्रीयादे देवी मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड चौखला की ओर से ग्राम पंचायत दरौली के श्रीयादे देवी मंदिर परिसर में श्रेयेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित हुआ। चौखले के मीडिया प्रभारी भगवान प्रजापत ने बताया कि महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर श्रेयेश्वर महादेव मंदिर व श्रीयादे देवी मंदिर पर विशेष साज-सज्जा व लाइटिंग की गई। महामंत्री लक्ष्मीलाल प्रजापत ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के चार जोड़ो ने भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना करते हुए जलाभिषेक किया। इसके बाद महादेवजी की महाआरती की गई। चौखला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत ने बताया कि मंदिर बनने के बाद यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के मौके पर होता है। संयुक्त महामंत्री डीसी प्रजापत ने बताया कि मंदिर में जलाभिषेक कार्यक्रम के बाद भजन कीर्तन हुए। महाराज की खेडी के समाज बंधुओ की ओर से भजन कीर्तन किए, जिस पर महिलाओं ने नृत्य किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष रूपलाल साकरोदा, देवीलाल सराय, कोषाध्यक्ष रामलाल दरौली, भगवान लाल साकरोदा, पन्नालाल भटेवर सहित कई लोग मौजूद थे।

राणेरा महादेव मंदिर पर तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेले में भजनों पर झूम उठें श्रद्धालु



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मावली उपखंड क्षेत्र के नीलकंठ महादेव मंदिर राणेरा की पाल ढूंढिया नांदोली खुर्द पर नीलकंठ महादेव विकास समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का उद्घाटन किया गया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बुधवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पवन यज्ञ किया। श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया शिवजी का आकर्षक सिंगार किया गया। महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों की संख्या में दर्शन करने हेतु दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर मावली उपखंड अधिकारी महोदय द्वारा मेले का निरीक्षण किया गया। लोगों ने जमकर मनिहारी की दुकान खिलौने की दुकाने पर भरपूर खरीददारी की। साथ ही मेले के दूसरे दिन महाशिवरात्रि को ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ,हवन एवं रुद्रा अभिषेक किया गया। साथ ही रात्रि प्रोग्राम में गायक कलाकार करण सोलंकी व भेरू लाल बारेगामा, नृत्यांगना राधिका शीतल एवं आकर्षक झांकियां द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 27 फरवरी को दोपहर 3 बजे इनामी ड्रा खोला जाएगा एवं रात्रि प्रोग्राम में प्रसिद्ध नृत्यांगना एवं गायक रानी रंगीली लक्ष्मण गुर्जर महेंद्र सिंह कॉमेडी रमेश कुमावत एवं पार्टी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

महाशिवरात्रि पर गूंजा हर-हर महादेव हरणी महादेव मंदिर में भक्तों की भीड़



24 न्यूज अपडेट

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भीलवाड़ा के प्रमुख हरणी महादेव मंदिर में भोलेनाथ के दर्शनों के लिए सुबह से भक्तों की भीड़ लगी है। बड़ी संख्या में लोग महादेव के दर्शन के लिए आ रहे हैं। हरणी महादेव मंदिर में आज सुबह मंगला आरती के बाद से ही भक्तों की भीड़ दर्शन को पहुंची है। मंदिर प्रशासन ने दर्शन में असुविधा ना हो इसके लिए बैरिकेडिंग लगाकर महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन बनवाई है। जल और दूध चढ़ाने के लिए भी पाइप से विशेष व्यवस्था की गई है ताकि गर्भगृह के अंदर भीड़ ना लगे। लोग भगवान भोलेनाथ का दूध, दही, गंगाजल से अभिषेक कर रहे हैं। पूरे मंदिर में फूलों और लाइटों का विशेष डेकोरेशन किया गया है। शहर के मंगलेश्वर महादेव मनोकामना पूर्ण महादेव, नीलकंठ महादेव सहित अनेक शिवालियों में सुबह से भक्त भक्ति भाव के साथ पहुंच रहे हैं और अनेक आयोजन किए जा रहे हैं।

पंडितों द्वारा चार प्रहर का जागरण किया जा रहा है और शाम को महाआरती की जाएगी। जो दर्शनार्थी आ रहे हैं उन्हें कोई असुविधा ना हो इसका विशेष प्रबंध किया गया है। भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने आने वाले भक्तों के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाईन बनाई गई है। छाया और पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर निगम द्वारा तीन दिवसीय मेले का आयोजन भी किया गया है जिसमें तीनों दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आज सांस्कृतिक कार्यक्रम, गुरुवार 27 को भजन संध्या आयोजित की जाएगी और समापन समारोह के मौके पर 28 फरवरी को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।





डॉ. महेंद्र भानावतः लोक कला के अमर प्रहरी को श्रद्धांजलि, पंचतत्व में विलीन, अंतिम यात्रा में शामिल हुए सैंकड़ों लोग





24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। राजस्थान के प्रख्यात लोककलाविज्ञ एवं भारतीय लोक कला मंडल, उदयपुर के पूर्व निदेशक डॉ. महेंद्र भानावत अब हमारे बीच नहीं रहे। 87 वर्षीय डॉ. भानावत का बुधवार को उदयपुर में अंतिम संस्कार किया गया, जहां सैंकड़ों लोगों ने उन्हें नम आँखों से विदाई दी। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, कलाकार, पत्रकार, शिक्षाविद् और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। परिवार ने निभाई कंधा देने की परंपरा डॉ. महेंद्र भानावत को उनके बेटों और पौत्रों के साथ उनकी बेटियों और पुत्रवधुओं ने भी कंधा दिया, जो समाज में एक प्रगतिशील संदेश देता है। न्यू भूपालपुरा स्थित उनके निवास आर्ची आर्केड से अंतिम यात्रा गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई, जो अशोक नगर मोक्षधाम पहुंचकर संपन्न हुई।

लोक साहित्य के विश्वकोष लोक साहित्य के मर्मज्ञ डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने उन्हें लोक साहित्य का विश्वकोष बताया। वरिष्ठ गीतकार इकराम राजस्थानी ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन लोककला एवं आदिवासी साहित्य के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया था। भोपाल के प्रसिद्ध साहित्यकार वसंत निरगुणे ने कहा कि डॉ. भानावत राजस्थान की कला और संस्कृति के सबसे बड़े अध्येता थे, और उनके निधन से एक युग का अंत हो गया है। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रमेश बोराणा ने कहा कि उनकी लिखी पुस्तकें और शोध पत्र लोक व आदिवासी जीवन को जानने में आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। भारतीय लोक नाट्य पर गहरी छाप वरिष्ठ मीडिया शिक्षक प्रो. संजीव भानावत ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय लोक साहित्य और परंपरा का एक स्वर्णिम अध्याय समाप्त हो गया है। लेखक सैयद हबीब ने कहा कि डॉ. भानावत के बिना अब लोक मंच सूना हो गया है। उन्होंने राजस्थान के पारंपरिक लोक नाट्य जैसे गवरी, भवई, रम्मत, तमाशा, कठपुतली जैसी विधाओं को अपनी लेखनी के माध्यम से अमर बना दिया। अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब उनकी अंतिम यात्रा में शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए, जिनमें ओसवाल सभा के कुलदीप नाहर, प्रकाश कोठारी, आनंदीलाल बंबोरिया, आलोक पगारिया, राजकुमार फत्तावत, फील्ड क्लब के सचिव उमेश मनवानी, राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, साहित्यकार डॉ. देव कोठारी, डॉ. श्रीकृष्ण जुगूनू, रंगकर्मी विलास जानवे, वरिष्ठ पत्रकार सुमित गोयल, ब्रजमोहन गोयल, डॉ. जेसी देवपुरा, डॉ. के. के. शर्मा, डॉ. धवल शर्मा, आर्ची ग्रुप के ऋषभ भाणावत, डूंगरसिंह कोठारी, राजीव जैन, किरण नागोरी, शांतिलाल मेहता, डॉ. कुंजन आचार्य, तेरापंथ समाज के कमल नाहटा, राजेंद्र नलवाया, अजय सरूपरिया, शैलेष नागदा, दिनेश सुहालका, रमेश सुहालका, हिम्मतसिंह चौहान, खुबीलाल मेनारिया, पंकज कनेरिया, आर्ची आर्केड के उपाध्यक्ष बसंत कुमार जैन, शिशिर वया, शांतिलाल नागौरी, कन्हैयालाल नलवाया, धर्मचंद्र नागौरी, विनय भाणावत, विनय सिंह कुशवाह, कवि प्रकाश नागौरी, उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के रोबिन सिंह आदि शामिल हुए। शाम को महाप्रज्ञ विहार में शोकसभा शाम को महाप्रज्ञ विहार में एक शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें शहरवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इसमें उदयपुर और अन्य शहरों से आए उनके मित्रगण, रिश्तेदार, प्रशंसक व शिष्यगण शामिल हुए। इस अवसर पर मावली के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, भाजपा नेता प्रमोद सामर, दलपत सुराणा, रजनी डांगी, अमित शर्मा, त्रिलोक पूर्बिया, करण जारोली, सुरेश गोयल, अनिल कटारिया आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन आलोक पगारिया ने किया और पौत्र अर्थांक भानावत ने अपने दादा की स्मृतियों को साझा किया।

नेशनल मेडिकॉज आर्गेनाइजेषन का 44वां राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन उदयपुर में, मेडिकल साइंस में आए बदलाव, नवाचारों और चुनौतियों पर होगा मंथन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नेषनल मेडिकॉज आर्गेनाइजेषन (NMO) का 44वां राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन 1 एवं 2 मार्च 2025 को झीलों की नगरी उदयपुर में आयोजित होगा। इसमें मेडिकल साइंस के क्षेत्र में आए बदलावों, नवाचारों और चुनौतियों पर मंथन किया जाएगा। अधिवेशन में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े देश भर के ख्यातनाम चिकित्सक भाग लेंगे। नेशनल मेडिकॉज आर्गेनाइजेशन के आर्गेनाइजिंग चैयरमेन डॉ राजेश मलिक, कॉ-चैयरमैन डॉ राहुल जैन, आर्गेनाइजिंग सेकेट्री डॉ नरेन्द्र जोशी व उदयपुर संरक्षक डॉ देवेन्द्र सरीन ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में राज्यपाल श्री हरिभाउ किशनराव बागड़े, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख श्री रमेश पप्पा तथा क्षेत्रीय संघचालक डॉ रमेश अग्रवाल बतौर अतिथि भाग लेंगे।

यह होंगे कार्यक्रम- अधिवेशन के दौरान अलग-अलग कांफ्रेन्स हॉल में विभिन्न सत्र होंगे। पहले दिन 1 मार्च को आरएनटी मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित डॉ गट्टानी हॉल में ध्वजारोहण के साथ कांफ्रेन्स प्रारंभ होगी। डॉ गट्टानी हॉल, पन्नाधाय हॉल, महाराणा प्रताप हॉल और राणा सांगा हॉल में सुबह 9.30 से 11 बजे तक मेडिकल स्टुडेंटस् के लिए अलग-अलग विषयों पर साइंटिफिक प्रजेंटेषन होगा। 11 से 12.30 बजे तक डॉ गट्टानी हॉल व पन्नाधाय हॉल में कार्यस्थलों पर चिकित्सा कार्मिकों से हिंसा विषय पर पैनल डिस्कशन होगा। दोपहर 12.30 बजे डॉ गट्टानी हॉल में डॉ अब्बाजी ठाटे व्याख्यान होगा। अपराह्न 2.30 बजे से 3.45 बजे तक मेडिकल स्टुडेंटस् के लिए अभिव्यक्ति का मंच रहेगा। 3.45 बजे से 4.30 बजे तक बेलेंसिंग एकेडमिक एण्ड क्लिनिकल प्रैक्टिस फॉर सक्सेजफूल मेडिकल प्रोफेषन पर डॉ सुजित धार व्याख्यान होगा। शाम 5 बजे डॉ गट्टानी सभागार में राज्यपाल श्री हरिभाउ बागड़े और लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह होगा। शाम 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। दूसरे दिन 2 मार्च को सुबह 8.30 बजे डॉ गट्टानी हॉल में जनरल बॉडी मीटिंग होगी। 9.30 बजे से 10.45 बजे तक मीराबाई हॉल में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, राणा कुम्भा हॉल में मेडिकल क्वीज, राणा सांगा हॉल में डेंटल क्वीज, महाराणा उदयसिंह हॉल में ई-पोस्टर, पन्नाधाय हॉल में फ्री पेपर सेशन तथा भामाशाह हॉल में रिसर्च मैथोलॉजी से जुड़े इवेंट होंगे। 11 से 11.45 बजे तक गट्टानी हॉल में सेवा के अनूठे प्रयास कार्यक्रम के तहत वनवासी कल्याण आश्रम, बांसवाड़ा परियोजना तथा एनएमओ के सेवा कार्यों पर विशेष सत्र होगा। 11.45 से 12.45 बजे तक एनएमसी की ओर से चयनित मेडिकल स्टुडेंटस् की ओर से फेमिली अडोप्शन प्रोग्राम होगा। दोपहर 12.30 बजे से समापन सत्र होगा। इसमें पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया व अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख श्री स्वांत रंजन जी बतौर अतिथि भाग लेंगे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।